**Series SKS/1/C**

कोड नं. **67/1/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 19 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains 19 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **25** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

*(ii)* *भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई एक भाग हल करना है ।*

*(iv)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains three parts A, B and C.*

*(ii)* *Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii)* *Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

*(iv)* *All parts of the questions should be attempted at one place.*

## भाग – क
## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART – A
## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** साझेदारी के पुनर्गठन पर परिसम्पत्तियों का पुनर्मूल्यांकन क्यों आवश्यक है ? 1

Why is revaluation of assets on the reconstitution of partnership necessary ?

**2.** नए साझेदार के प्रवेश के समय फर्म के लाभों में से उसके लाभ का अंश क्या होगा, इसका निर्णय कौन करता है ? 1

At the time of admission of a partner, who decides what will be the share of profit of the new partner out of the firm's profit ?

**3.** जमुना, गंगा तथा कृष्णा एक फर्म में साझेदार हैं । कृष्णा ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया । संचयों तथा सम्पत्तियों एवं देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के समायोजन के पश्चात् कृष्णा के पूँजी खाते में ₹ 1,20,000 का शेष था । पूर्ण निपटारे के लिए जमुना तथा गंगा ने कृष्णा को ₹ 1,80,000 का भुगतान किया । उस मद को पहचानिए जिसके लिए जमुना तथा गंगा ने कृष्णा को ₹ 60,000 अधिक का भुगतान किया । 1

Jamuna, Ganga and Krishna are partners in a firm. Krishna retired from the firm. After making adjustments for Reserves and Revaluation of Assets and Liabilities the balance in Krishna's capital account was ₹ 1,20,000. Jamuna and Ganga paid ₹ 1,80,000 in full settlement to Krishna. Identify the item for which Jamuna and Ganga paid ₹ 60,000 more to Krishna.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

4. 1.3.2013 को रवि तथा मोहन की फर्म का विघटन हो गया । समझौते के अनुसार रवि ₹ 2,000 के स्वीकृत पारितोषिक पर विघटन कार्य की देखरेख तथा सभी वसूली व्ययों को वहन करने के लिए सहमत होता है । विघटन व्यय ₹ 1,500 थे तथा इनका भुगतान फर्म ने किया । विघटन व्यय के भुगतान की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । 1

The firm of Ravi and Mohan was dissolved on 1.3.2013. According to the agreement Ravi had agreed to undertake the dissolution work for an agreed remuneration of ₹ 2,000 and bear all realisation expenses. Dissolution expenses were ₹ 1,500 and the same were paid by the firm. Pass necessary Journal Entry for the payment of dissolution expenses.

5. अंशों को कब 10% से अधिक के बट्टे पर निर्गमित किया जा सकता है, उल्लेख कीजिए । 1

State when can shares be issued at a discount of more than 10%.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

6. 'आरक्षित पूँजी' का अर्थ बताइए । 1

Give the meaning of 'Reserve Capital'.

7. 'ऋणपत्र' का क्या अर्थ है ? 1

What is meant by 'Debenture' ?

8. दिशा तथा दिव्या एक फर्म में साझेदार हैं तथा क्रमशः 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । दिशा की स्थायी पूँजी ₹ 4,80,000 तथा दिव्या की ₹ 3,00,000 है । 1.4.2012 को उन्होंने हिना को आगामी लाभों में 1/5 भाग के लिए एक नया साझेदार बनाया । हिना अपनी पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 लाई ।

हिना के फर्म में प्रवेश के समय फर्म की ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए तथा आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 3

Disha and Divya are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 respectively. The fixed capital of Disha is ₹ 4,80,000 and Divya is ₹ 3,00,000. On 1.4.2012 they admitted Hina as a new partner for $1/5^{th}$ share in future profits. Hina brought ₹ 3,00,000 as her capital.

Calculate the value of goodwill of the firm and record necessary Journal Entries on Hina's admission.

9. एक फर्म का (i) समझौते द्वारा तथा (ii) सूचना द्वारा विघटन समझाइए । 3

Explain dissolution of a firm by (i) Agreement and (ii) Notice.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**10.** एक्स, वाई तथा जैड एक फर्म में साझेदार हैं तथा क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 1.3.2013 को फर्म का विघटन हो गया । 'वसूली खाते' में सभी सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं के स्थानान्तरण के पश्चात् आपको निम्नलिखित सूचना दी गई है :

(i) फर्म के लाभ-हानि खाते में ₹ 18,000 का शेष था ।

(ii) ₹ 50,000 की एक ग़ैर-अभिलिखित मोटर साइकिल थी जिसे एक्स ने ले लिया ।

(iii) ₹ 5,000 के लेनदारों को खाते के पूर्ण निपटान में ₹ 4,000 का भुगतान किया गया ।

फर्म के विघटन के समय उपर्युक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

X, Y and Z are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1 respectively. The firm was dissolved on 1.3.2013. After transferring assets (other than cash) and third party liabilities to the 'Realisation Account' you are provided with the following information :

(i) There was a balance of ₹ 18,000 in the firm's Profit and Loss Account.

(ii) There was an unrecorded bike of ₹ 50,000 which was taken over by X.

(iii) Creditors of ₹ 5,000 were paid ₹ 4,000 in full settlement of accounts.

Pass necessary Journal Entries for the above at the time of dissolution of firm.

**11.** एक व्यवसाय ने पिछले कुछ वर्षों में ₹ 2,00,000 का औसत लाभ अर्जित किया तथा इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । ख्याति के मूल्य का निर्धारण *4*

(i) अधिलाभों की पूँजीकरण विधि द्वारा करें ।

(ii) अधिलाभ विधि द्वारा करें यदि ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाए ।

व्यवसाय की परिसम्पत्तियाँ ₹ 20,00,000 थीं तथा इसकी बाह्य देयताएँ ₹ 3,60,000 थीं ।

A business has earned average profits of ₹ 2,00,000 during the last few years and the normal rate of return in similar business is 10%. Find out the value of goodwill by

(i) Capitalisation of Super Profit Method.

(ii) Super Profit Method if the goodwill is valued at 3 years' purchase of super profits.

The assets of the business were ₹ 20,00,000 and its external liabilities ₹ 3,60,000.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

12. सिंह, सुलतान तथा डेविड एक फर्म में साझेदार हैं तथा क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। फर्म प्रति वर्ष 31 मार्च को अपने खाते बंद करती है। 30 सितम्बर, 2012 को सुलतान का देहान्त हो गया। वर्ष के आरम्भ में सुलतान के पूँजी खाते में ₹ 96,000 का शेष था। किसी भी साझेदार की मृत्यु की स्थिति में, साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान है :

(i) पूँजी पर ब्याज की गणना 12% प्रति वर्ष की दर से की जाएगी।

(ii) मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को उसकी ख्याति के हिस्से के लिए ₹ 15,000 दिए जाएँगे।

(iii) फर्म के संचय कोष में उसका हिस्सा, जो कि ₹ 10,000 है, का भुगतान उसके उत्तराधिकारी को किया जाएगा।

(iv) मृत्यु की तिथि तक उसके लाभ के हिस्से की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी। यह भी उल्लिखित किया गया है कि वर्ष 2011 – 12 के दौरान विक्रय ₹ 8,00,000 था। 1 अप्रैल, 2012 से 30 सितम्बर, 2012 तक विक्रय ₹ 1,50,000 था। 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 1,00,000 था।

सुलतान के उत्तराधिकारी को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता बनाइए। 4

Singh, Sultan and David are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1 respectively. Firm closes its accounts on 31st March every year. Sultan died on 30th September, 2012. There was a balance of ₹ 96,000 in Sultan's Capital Account in the beginning of the year. In the event of death of any partner, the partnership deed provides for the following :

(i) Interest on capital will be calculated at the rate of 12% p.a.

(ii) The executor of deceased partner shall be paid ₹ 15,000 for his share of goodwill.

(iii) His share of Reserve Fund which is ₹ 10,000, shall be paid to his executor.

(iv) His share of profit till the date of death will be calculated on the basis of sales. It is also specified that the sales during the year 2011 – 12 were ₹ 8,00,000. The sales from 1st April, 2012 to 30th September, 2012 were ₹ 1,50,000. The profit of the firm for the year ending 31st March, 2012 was ₹ 1,00,000.

Prepare Sultan's Capital Account to be presented to his executor.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

13. एक्स लिमिटेड ने वाई लिमिटेड से ₹ 10,00,000 के फर्नीचर का क्रय किया तथा 20% राशि का भुगतान वाई लिमिटेड के पक्ष में एक विनिमय पत्र स्वीकार करके किया। शेष राशि का भुगतान वाई लिमिटेड को ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों को 25% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया।

अपनी कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए उपर्युक्त लेनदेनों के लिए एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

X Ltd. purchased furniture of ₹ 10,00,000 from Y Ltd. and paid 20% of the amount by accepting a bill of exchange in favour of Y Ltd. The remaining amount was paid by issuing equity shares of ₹ 100 each at a premium of 25% to Y Ltd.

Showing your working notes clearly, pass necessary Journal Entries for the above transactions in the books of X Ltd.

14. 1 अप्रैल, 2011 को ₹ 30,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ जो ₹ 100 प्रत्येक के 30,000 अंशों में विभाजित थी, जनता लिमिटेड बनाई गई। कम्पनी ने 10,000 अंशों को सममूल्य पर निर्गमित किया। निर्गमन मूल्य निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 30 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 50 प्रति अंश

अन्तिम याचना पर – ₹ 20 प्रति अंश

निर्गमन पर पूर्ण अभिदान हुआ तथा कम्पनी ने सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया। 1000 अंशों पर अन्तिम याचना राशि को छोड़कर सभी राशि प्राप्त हो गई।

कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची VI, भाग I के अनुसार 31 मार्च, 2012 को कम्पनी के स्थिति विवरण में 'अंश पूँजी' दर्शाइए तथा 'खातों की टिप्पणियाँ' भी दर्शाइए। 4

On 1st April, 2011, Janta Ltd. was formed with an authorized capital of ₹ 30,00,000 divided into 30,000 shares of ₹ 100 each. The company issued 10,000 shares at par. The issue price was payable as follows :

On application – ₹ 30 per share

On allotment – ₹ 50 per share

On final call – ₹ 20 per share

The issue was fully subscribed and the company allotted shares to all the applicants. All money was received except the final call money on 1000 shares.

Show the 'Share Capital' in the Balance Sheet of the company as per Schedule VI, Part I of the Companies Act, 1956 as at 31st March, 2012 and also show 'Notes to Accounts'.



collegedunia India's largest Student Review Platform

15\. राम तथा मोहन एक फर्म में साझेदार हैं । उन्होंने राखी को बिना पूँजी के लाभों में 1/3 भाग के लिए फर्म में साझेदार बनाया । वह जन्म से दृष्टिहीन है परन्तु अच्छी प्रबंध योग्यताएँ रखती है । नए साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान है :

(i) व्यापारिक लाभ का 10% प्रधान मन्त्री सहायता कोष में दान दिया जाएगा ।

(ii) व्यापारिक लाभ का 5% राष्ट्रीय अंध सहायता कोष में दान दिया जाएगा ।

(iii) गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को अधिकतम फुटकर मूल्य के 15% बट्टे पर उत्पाद बेचे जाएँगे ।

(iv) देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नई फुटकर दुकानें खोली जाएँगी ।

(v) विक्रेताओं की नई नौकरियाँ अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की लड़कियों के लिए सुरक्षित रखी जाएँगी ।

31.3.2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का व्यापारिक लाभ ₹ 10,00,000 था ।

राम, मोहन तथा राखी द्वारा नए साझेदारी संलेख को बनाते समय ध्यान में रखे गए किन्हीं चार मूल्यों की पहचान कीजिए तथा 31.3.2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राम, मोहन व राखी का 'लाभ-हानि विनियोजन खाता' भी बनाइए । *6*

Ram and Mohan are partners in a firm. They admitted Rakhi as a partner without capital for 1/3rd share in the profits of the firm. She is blind by birth but having good management qualities. The new partnership agreement provides for the following :

(i) 10% of the trading profit will be donated to Prime Minister's Relief Fund.

(ii) 5% of the trading profit will be donated to the National Blind Relief Fund.

(iii) Products will be sold at a discount of 15% on Maximum Retail Price to the people living below poverty line.

(iv) New retail shops will be opened in the Naxal affected areas of the country.

(v) New jobs of salespersons will be reserved for the girls belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

The trading profit of the firm for the year ended 31.3.2012 was ₹ 10,00,000.

Identify any four values considered by Ram, Mohan and Rakhi while preparing the new partnership deed and also prepare the 'Profit and Loss Appropriation Account' of Ram, Mohan and Rakhi for the year ended 31.3.2012.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**16.** निम्नलिखित के लिए 'ऋणपत्रों के निर्गमन' की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *6*

(i) महिमा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,500, 12% ऋणपत्रों का 10% बट्टे पर निर्गमन किया जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाना है ।

(ii) आयशा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,600, 9% ऋणपत्रों का ₹ 20 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर निर्गमन किया जिनका शोधन ₹ 10 प्रति ऋणपत्र प्रीमियम पर किया जाना है ।

(iii) हिना लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 9% ऋणपत्रों का 5% बट्टे पर निर्गमन किया जिनका शोधन सममूल्य पर किया जाना है ।

Pass necessary Journal Entries for 'issue of debentures' for the following :

(i) Mahima Ltd. issued 1,500, 12% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%, redeemable at a premium of 5%.

(ii) Ayasha Ltd. issued 1,600, 9% Debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 20 per Debenture, redeemable at a premium of ₹ 10 per Debenture.

(iii) Hina Ltd. issued 1,000, 9% Debentures of ₹ 100 each at a discount of 5%, redeemable at par.

**17.** राजा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 50,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर – ₹ 3 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 5 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष राशि

70,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । रमेश, जिसने 700 अंशों के लिए आवेदन किया था, आबंटन राशि का भुगतान नहीं कर पाया । आबंटन राशि का भुगतान न करने पर उसके अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । उसके पश्चात् प्रथम एवं अंतिम याचना राशि माँगी गई । अधर, जिसे 500 अंश आबंटित किए गए थे, प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं कर पाया । उसके अंशों को भी ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों में से 900 अंशों का ₹ 8 प्रति अंश की दर से पुनः निर्गमन कर दिया गया । पुनः निर्गमित किए गए अंशों में रमेश के सभी अंश सम्मिलित थे ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

निम्नलिखित लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : *4+4=8*

(क) रतन लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500 समता अंशों, जिन्हें 10% के बट्टे पर निर्गमित किया गया था, को ₹ 20 प्रति अंश की प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं करने पर ज़ब्त कर लिया । ₹ 25 प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि अभी तक माँगी नहीं गई थी । ज़ब्त किए गए अंशों में से 300 अंशों को ₹ 125 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । शेष अंशों को ₹ 100 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

(ख) विशेष लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,000 समता अंशों, जिन्हें ₹ 2 प्रति अंश अधिलाभ पर निर्गमित किया गया था, को ₹ 5 प्रति अंश की आबंटन राशि जिसमें अधिलाभ भी सम्मिलित है, का भुगतान नहीं करने पर ज़ब्त कर लिया । इन अंशों पर ₹ 2 प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि अभी तक माँगी नहीं गई थी । ज़ब्त किए गए अंशों में से 800 अंशों को पूर्ण प्रदत्त ₹ 12 प्रति अंश पुनः निर्गमित कर दिया गया । शेष अंशों को ₹ 11 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

Raja Ltd. invited applications for issuing 50,000 equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 3 per share

On allotment – ₹ 5 per share

On first and final call – the balance

Applications for 70,000 shares were received. Allotment was made to all applicants on pro-rata basis. Excess money received on application was adjusted towards sums due on allotment. Ramesh, who had applied for 700 shares, did not pay the allotment money and on his failure to pay the allotment money his shares were forfeited. Afterwards, the first and final call was made. Adhar, who had been allotted 500 shares, did not pay the first and final call. His shares were also forfeited. Out of the forfeited shares 900 shares were re-issued at ₹ 8 per share fully paid up. The re-issued shares included all the shares of Ramesh.

Pass necessary Journal Entries for the above transactions in the books of the company.

**OR**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Pass necessary Journal Entries in the books of the company for the following transactions :

(a) Ratan Ltd. forfeited 500 equity shares of ₹ 100 each issued at a discount of 10% for the non-payment of first call of ₹ 20 per share. The final call of ₹ 25 per share was not yet made. Of the forfeited shares 300 shares were re-issued at ₹ 125 per share fully paid up. The remaining shares were re-issued at ₹ 100 per share fully paid up.

(b) Vishesh Ltd. forfeited 1,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of ₹ 2 per share for non-payment of allotment money of ₹ 5 per share including premium. The final call of ₹ 2 per share was not yet called on these shares. Of the forfeited shares 800 shares were re-issued at ₹ 12 per share fully paid up. The remaining shares were re-issued at ₹ 11 per share fully paid up.

**18.** अरुण तथा बालू एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं। उन्होंने लाभों में 1/4 भाग के लिए चेतन को एक नया साझेदार बनाया। चेतन अपनी पूँजी के लिए ₹ 3,00,000 लाएगा तथा अरुण व बालू की पूँजी का समायोजन उनके लाभ विभाजन अनुपात में किया जाएगा। इसके लिए चालू खाते खोले जाएँगे। 31.3.2012 को चेतन के प्रवेश से पूर्व फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

**31.3.2012 को अरुण तथा बालू का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 80,000 | रोकड़ हस्ते | 1,20,000 |
| देय बिल | | 40,000 | विविध देनदार | 80,000 |
| सामान्य संचय | | 60,000 | फर्नीचर | 1,50,000 |
| पूँजी : | | | मशीनरी | 2,50,000 |
| अरुण | 5,00,000 | | | |
| बालू | 3,20,000 | 8,20,000 | भवन | 4,00,000 |
| | | 10,00,000 | | 10,00,000 |

collegedunia India's largest Student Review Platform

समझौते की अन्य शर्तें निम्न प्रकार थीं :

(i) चेतन ख्याति के अपने भाग के लिए ₹ 1,20,000 लाएगा ।

(ii) भवन का पुनर्मूल्यांकन ₹ 4,50,000 पर तथा मशीनरी का ₹ 2,30,000 पर किया गया ।

(iii) देनदारों पर डूबत ऋणों के लिए 6% का प्रावधान किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, साझेदारों के चालू खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए । *8*

**अथवा**

31 मार्च, 2012 को केशव, निर्मल तथा पंकज का स्थिति विवरण नीचे दिया गया है, जो कि एक फर्म में साझेदार हैं तथा लाभों का विभाजन अपनी पूँजी के अनुसार करते हैं :

**31 मार्च, 2012 को केशव, निर्मल तथा पंकज का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 42,000 | भवन | | 2,00,000 |
| केशव की पूँजी | 1,60,000 | मशीनरी | | 1,00,000 |
| निर्मल की पूँजी | 80,000 | स्टॉक | | 36,000 |
| पंकज की पूँजी | 80,000 | देनदार | 40,000 | |
| सामान्य संचय | 40,000 | घटाया : डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | – 2,000 | 38,000 |
| | | बैंक में रोकड़ | | 28,000 |
| | 4,02,000 | | | 4,02,000 |

इस तिथि को निर्मल ने फर्म से सेवानिवृत्त होने का निर्णय लिया तथा फर्म में उसके हिस्से का भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा :

(i) भवन का मूल्य 20% बढ़ जाएगा ।

(ii) देनदारों पर डूबत ऋण के लिए प्रावधान को 15% तक बढ़ाया जाएगा ।

(iii) मशीनरी पर 20% ह्रास लगाया जाएगा ।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,44,000 हुआ तथा सेवानिवृत्त साझेदार का भाग शेष साझेदारों के पूँजी खातों द्वारा समायोजित किया जाएगा ।

(v) नई फर्म की पूँजी ₹ 2,40,000 निश्चित की गई ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, बैंक खाता तथा निर्मल के सेवानिवृत्त होने के बाद स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Arun and Balu are partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 1. They admitted Chetan as a new partner for 1/4th share in profits. Chetan will bring ₹ 3,00,000 for his capital and the capitals of Arun and Balu will be adjusted in their profit sharing ratio. For this current accounts will be opened. The Balance Sheet of the firm on 31.3.2012 before Chetan's admission was as follows :

**Balance Sheet of Arun and Balu as at 31.3.2012**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 80,000 | Cash in hand | 1,20,000 |
| Bills Payable | | 40,000 | Sundry Debtors | 80,000 |
| General Reserve | | 60,000 | Furniture | 1,50,000 |
| Capitals : | | | Machinery | 2,50,000 |
| Arun | 5,00,000 | | | |
| Balu | 3,20,000 | 8,20,000 | Building | 4,00,000 |
| | | 10,00,000 | | 10,00,000 |

Other terms of the agreement were as follows :

(i) Chetan will bring ₹ 1,20,000 for his share of goodwill.

(ii) Building was revalued at ₹ 4,50,000 and Machinery at ₹ 2,30,000.

(iii) A provision of 6% was to be made on debtors for bad debts.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts, Partners' Current Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

**OR**



collegedunia India's largest Student Review Platform

The Balance Sheet of Keshav, Nirmal and Pankaj who are partners in a firm sharing profits according to their capital as on 31st March, 2012 was as follows :

**Balance Sheet of Keshav, Nirmal and Pankaj as at 31st March, 2012**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 42,000 | Buildings | | 2,00,000 |
| Keshav's capital | 1,60,000 | Machinery | | 1,00,000 |
| Nirmal's capital | 80,000 | Stock | | 36,000 |
| Pankaj's capital | 80,000 | Debtors | 40,000 | |
| | | Less : Provision for Bad Debts | – 2,000 | 38,000 |
| General Reserve | 40,000 | Cash at Bank | | 28,000 |
| | 4,02,000 | | | 4,02,000 |

On that date Nirmal decided to retire from the firm and was paid for his share in the firm subject to the following :

(i) Buildings to be appreciated by 20%.

(ii) Provision for Bad Debts to be increased to 15% on Debtors.

(iii) Machinery to be depreciated by 20%.

(iv) Goodwill of the firm is valued at ₹ 1,44,000 and the retiring partner's share is adjusted through the capital accounts of remaining partners.

(v) The capital of the new firm be fixed at ₹ 2,40,000.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the partners, Bank Account and the Balance Sheet after Nirmal's retirement.



collegedunia India's largest Student Review Platform

## भाग – ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART – B
## (Financial Statements Analysis)

19. 'श्रम संगठनों' के लिए 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । *1*

State the importance of 'Analysis of Financial Statements' for 'Trade Unions'.

20. 'रोकड़ प्रवाह' का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of 'Cash Flow'.

21. काम्या लिमिटेड ने उधार खरीदे गए फर्नीचर की किश्त ₹ 20,000 का भुगतान किया जिसमें ₹ 2,000 का ब्याज सम्मिलित था ।

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय आप इस भुगतान को कैसे दर्शाएँगे ? *1*

Kamya Ltd. paid the instalment of ₹ 20,000 for furniture purchased on credit in which interest of ₹ 2,000 was included.

How will you show this payment at the time of preparation of Cash Flow Statement ?

22. उमेश लिमिटेड का ऋण-समता अनुपात 2 : 1 है । कारण सहित बताइए कि निम्नलिखित लेनदेनों से यह बढ़ेगा, घटेगा अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा : *3*

(i) ₹ 5,000 की एक व्यापारिक देयता का भुगतान किया गया ।

(ii) ₹ 2,00,000 के समता अंशों का निर्गमन किया गया ।

(iii) ₹ 1,00,000 के 9% ऋणपत्रों का निर्गमन किया गया ।

Umesh Ltd.'s Debt-Equity ratio is 2 : 1. State with reason whether this will increase, decrease or there will be no change in it due to the following transactions :

(i) A trade payable of ₹ 5,000 was paid.

(ii) Issued equity shares of ₹ 2,00,000.

(iii) Issued 9% debentures of ₹ 1,00,000.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

23. रजत लिमिटेड के निम्नलिखित लाभ-हानि विवरण से तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : 4

| | विवरण | नोट संख्या | 31.03.2012 ₹ | 31.03.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालन से आगम | | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | व्यय | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 3. | अन्य आय | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 4. | आय कर | | 50% | 50% |

From the following Statement of Profit and Loss of Rajat Ltd. prepare a Comparative Statement of Profit and Loss :

| | Particulars | Note No. | 31.03.2012 ₹ | 31.03.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Revenue from operations | | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 2. | Expenses | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| 3. | Other Income | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 4. | Income Tax | | 50% | 50% |

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

24. रामनाथ लिमिटेड की पुस्तकों से 31.3.2012 को प्राप्त निम्नलिखित सूचना से (क) तरल अनुपात तथा (ख) स्टॉक आवर्त अनुपात की गणना कीजिए :

स्कन्ध (स्टॉक) ₹ 1,00,000; व्यापारिक प्राप्तियाँ (देनदार) ₹ 1,20,000; अग्रिम कर ₹ 4,000; रोकड़ ₹ 60,000; व्यापारिक लेनदार ₹ 1,05,000; बैंक अधिविकर्ष ₹ 8,000; बेचे गए माल की लागत ₹ 4,20,000.

*अतिरिक्त सूचना :*

अन्तिम रहतिया (स्टॉक) आरम्भिक रहतिये (स्टॉक) से ₹ 20,000 अधिक था । 4

From the following information obtained from the books of Ramnath Ltd. as on 31.3.2012, calculate (a) Quick Ratio and (b) Stock Turnover Ratio :

Inventory (Stock) ₹ 1,00,000; Trade Receivables (Debtors) ₹ 1,20,000; Advance Tax ₹ 4,000; Cash ₹ 60,000; Trade Payables ₹ 1,05,000; Bank overdraft ₹ 8,000; Cost of goods sold ₹ 4,20,000.

*Additional Information :*

Closing Inventory (Stock) was ₹ 20,000 more than the Opening Inventory (Stock).



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**25.** एक्स वाई जैड लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए : *6*

**31 मार्च, 2012 को एक्स वाई जैड लिमिटेड का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट संख्या | 31.3.2012 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता तथा देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारक निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 20,00,000 | 17,00,000 |
| | (ब) आरक्षित एवं अधिशेष (लाभ-हानि शेष) | | 3,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | **अंश आवेदन राशि जिसका आबंटन अभी नहीं किया गया** | | – | – |
| 3. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालिक ऋण | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 4. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | व्यापारिक भुगतान | | 50,000 | 25,000 |
| | **कुल योग** | | 26,50,000 | 23,25,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 8,00,000 | 9,00,000 |
| | (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| | **(ब) अचल निवेश** | | 3,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) स्टॉक (इन्वेंटरी) | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| | (ब) व्यापारिक प्राप्तियाँ | | 1,50,000 | 1,25,000 |
| | (स) रोकड़ तथा रोकड़ समानक | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| | **कुल योग** | | 26,50,000 | 23,25,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

वर्ष के दौरान मूर्त परिसम्पत्तियों पर ₹ 1,00,000 का मूल्यह्रास लगाया गया ।



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Prepare a Cash Flow Statement from the following Balance Sheet of XYZ Ltd. :

**Balance Sheet of XYZ Ltd. as at 31st March, 2012**

| | Particulars | Note No. | 31.3.2012 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 20,00,000 | 17,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus (Profit & Loss Balance) | | 3,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | **Share Application money pending allotment** | | – | – |
| 3. | **Non-current Liabilities :** | | | |
| | Long Term Borrowings | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 4. | **Current Liabilities :** | | | |
| | Trade Payables | | 50,000 | 25,000 |
| | **Total** | | 26,50,000 | 23,25,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible Assets | | 8,00,000 | 9,00,000 |
| | (ii) Intangible Assets | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| | **(b) Non-current Investments** | | 3,00,000 | 4,00,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Inventories | | 4,00,000 | 5,00,000 |
| | (b) Trade Receivables | | 1,50,000 | 1,25,000 |
| | (c) Cash and Cash Equivalents | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| | **Total** | | 26,50,000 | 23,25,000 |

*Additional Information :*

Depreciation of ₹ 1,00,000 was provided on Tangible Assets during the year.



collegedunia India's largest Student Review Platform

## भाग – ग
### (अभिकलित्र लेखांकन)

## PART – C
### (Computerized Accounting)

**19.** खातों का वर्गीकरण किसे कहते हैं ? *1*

What is codification of accounts ?

**20.** डी.बी.एम.एस. के अन्तर्गत हम सूचना को एक ही तालिका की अपेक्षा विभिन्न तालिकाओं में विभाजित करने का प्रयास क्यों करते हैं ? *1*

Why do we seek to split information into different tables rather than making one table in DBMS ?

**21.** 'प्राथमिक कुंजी' (प्राइमरी की) से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by 'Primary Key' ?

**22.** अभिकलित्र लेखांकन तंत्र के घटकों की व्याख्या कीजिए । *3*

Explain components of Computerized Accounting System.

**23.** 'पासवर्ड सिक्योरिटी' तथा 'डेटा वॉल्ट' शब्दों का अर्थ बताइए । *4*

Give the meaning of the terms 'Password Security' and 'Data Vault'.

**24.** एस.क्यू.एल. को प्रयुक्त करते हुए 'क्वैरी' के माध्यम से सूचना उत्पन्न करते समय निम्नलिखित उपवाक्यों का क्या अर्थ है ? *4*

(i) एफ आर ओ एम

(ii) आई एन एन ई आर

What is meant by the following clauses while generating information through 'query' using SQL ?

(i) FROM

(ii) INNER



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**25.** निम्नलिखित के लिए एक्सैल पर फॉर्मूले की गणना कीजिए : *6*

महँगाई भत्ता :

₹ 20,000 के मूल वेतन तक मूल वेतन का 25%, न्यूनतम ₹ 3,500.

₹ 20,000 से अधिक के मूल वेतन पर मूल वेतन का 20%, न्यूनतम ₹ 5,500.

मकान किराया भत्ता :

| | |
|---|---|
| ₹ 10,000 के मूल वेतन तक | ₹ 2,500 |
| ₹ 10,001 – ₹ 18,000 | ₹ 3,500 |
| ₹ 18,000 से अधिक | ₹ 4,500 |

नगर क्षतिपूरक भत्ता :

मूल वेतन का 12%, बशर्ते कि न्यूनतम ₹ 1,200.

Calculate the formula on Excel for the following :

Dearness Allowance :

25% of basic pay upto ₹ 20,000, minimum ₹ 3,500.

20% on basic pay above ₹ 20,000, minimum ₹ 5,500.

House Rent Allowance :

| | |
|---|---|
| Upto basic pay of ₹ 10,000 | ₹ 2,500 |
| ₹ 10,001 – ₹ 18,000 | ₹ 3,500 |
| Above ₹ 18,000 | ₹ 4,500 |

City Compensatory Allowance :

12% of basic pay subject to a minimum of ₹ 1,200.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform